उत्तराखण्ड शासन

वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

भाग-1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा)

वर्ष

2009-10

प्रतिवेदकः निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह-स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय सूची

भाग–1

(स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग)

(1)–प्रशासनिक खण्ड

क्र0 सं0	विवरण	कण्डिका	पृष्ठ संख्या
1,	विभागीय प्राधिकार के श्रोत	2.1	1–2
2.	सम्परीक्षाधीन लेखे	3.1–3.2	2
3.	सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य	4.1–4.2	2–3
4.	प्रभागीय आय–व्ययक	5.1–5.3	3–4
5.	प्रभागीय आय एवं व्यय का समन्वय	6.1–6.2	4
6.	प्रभाग की प्रशासनिक व्यवस्था	7.1–7.4	4–5
7.	प्रभाग की जनशक्ति	8	5
8.	स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित सम्परीक्षा कार्य	9	6
9.	सम्परीक्षा में उदघाटित अनियमिततायें	10.1.1	6
10.	विशेष सम्परीक्षायें	10.1.2	6
11.	सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति	10.2.1–10.2.2	7
12.	धर्मादा संदान निधि	11	7
13.	लेखाकार परीक्षा का आयोजन	12	7
14.	जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण	13	7
15.	निष्कर्ष	–	8
	(2)–कार्यकारी खण्ड	–	9–28
	(3)–परिशिष्ट क, ख, ग, घ, ङ, च, छ व ज	–	29–42

1- प्रशासनिक खण्ड

भारतीय संघ के अधीन 09 नवम्बर, 2000 से उत्तरांचल राज्य का गठन हुआ। उत्तरांचल शासन ने वित्त विभाग का संगठनात्मक ढांचे का अनुमोदन करते हुए वित्त विभाग की राजाज्ञा संख्या 5098/वि0स0शा0/2001 दिनांक 19 जून, 2001 द्वारा विभाग के संगठनात्मक ढांचे में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग को निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड में सम्मिलित कर लिया गया है। पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के विधान उत्तराखण्ड राज्य पर भी इन्हें उपान्तरित किये जाने तक लागू है।

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 की धारा -8(3) के अन्तर्गत स्वायत्तशासी संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों की लेखा परीक्षा पर आधारित वर्ष 2008-09 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन राज्य के विधान सभा पटल पर रखा जा चुका है। स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा सम्परीक्षित लेखाओं पर आधारित वर्ष 2009-10 का वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन विधान सभा पटल पर रखने हेतु प्रस्तुत है।

2- विभागीय प्राधिकार के स्रोत :-

2.1 प्रदेशान्तर्गत अवस्थित स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं के संगत नियमों एवं तदधीन निर्मित नियमावलियों एवं परिनियमावलियों आदि में यथास्थान शासन द्वारा इस बात की व्यवस्था की गयी है कि उक्त संस्थाओं की निधियाँ **''स्थानीय निधि'' (लोकल फण्ड)** के नाम से जानी जायेगी और उनके लेखाओं की लेखा परीक्षा निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जायेगी। संहत रुप से सभी स्थानीय निकायों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं की लेखा परीक्षा अनिवार्य रुप से इस विभाग के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा किये जाने की दृष्टि से वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड -5 भाग-1 के पैरा 369 ''के'' में यह प्राविधान किया गया है कि निदेशक द्वारा राज्य सरकार से अनुदान पाने वाले सभी स्थानीय निकायों/संस्थाओं के लेखाओं की सम्परीक्षा करके अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारुप पर निर्गत किया जायेगा।

इस नियम में यह भी व्यवस्था है कि भारत सरकार की ओर से इन स्थानीय निकायों/संस्थाओं के कार्यकलाप पर दृष्टि रखने के लिए निदेशक द्वारा वर्षान्त में संहत रुप से वर्षान्तर्गत स्वीकृत अनुदानों के उपभोग की स्थिति से महालेखाकार को सूचित किया जायेगा, जिससे शासन द्वारा प्रदेश के लोक सेवा निधि से स्वीकृत किये गये अनुदानों के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट हो सके कि सम्बन्धित निकायों/संस्थाओं द्वारा इन अनुदानों का उपभोग उन्ही प्रयोजनों के निमित्त किया गया है अथवा नहीं, जिनके लिये वे स्वीकृत किये गये थे तथा उन संगत नियमों का पालन किया गया है अथवा नहीं, जिनके अन्तर्गत उन्हें उक्त धनराशियों का उपभोग करना था। शर्तो एवं प्रतिबन्धों के उल्लंघन की स्थिति से प्रतिवेदन में यथास्थान उल्लेख किया गया है।

2.2 उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 (उत्तर प्रदेश के अधिनियम संख्या 12 सन् 1984) जो कि दिनांक 30 अप्रैल, 1984 से प्रवृत्त हुआ तथा जो नवसृजित उत्तरांचल राज्य में भी समान रुप से प्रभावी है, की धारा-4(2) के अन्तर्गत विधान मण्डल ने इस विभाग को यह शक्ति भी प्रदान की है कि ऐसे स्थानीय प्राधिकारी के लेखाओं की परीक्षा पूर्णतया ऐसे किसी अधिनियम में जिसके द्वारा या अधीन स्थानीय प्राधिकारी का गठन किया गया है, उसके अधीन बनाये गये किसी नियम में किसी बात के होते हुए भी इस अधिनियम के दौरान या अधीन उपबन्धित रीति से की जायेगी।

2.3 उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम 1984 में प्रादेशिक विधान मण्डल द्वारा उपर्युक्त स्पष्ट आदेश पारित करने के उपरान्त अब स्थिति यह है कि प्रदेशान्तर्गत स्थित सभी स्थानीय निकायों एवं अनुदानित संस्थाओं की सम्परीक्षा अनिवार्यतः निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड के स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा की जानी है।

3- सम्परीक्षाधीन लेखे -

3.1 वर्ष में 2009-10 में सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के लेखाओं की संख्या 990 थी। उप सम्परीक्षा से सम्बन्धित 974 संस्थाओं के विवरण संलग्न **परिशिष्ट ''क'' भाग-1** में दिये गये हैं। शेष सम्वर्ती सम्परीक्षा एवं शतप्रतिशत लेखा परीक्षा से सम्बन्धित 16 संस्थाओं की सूची **परिशिष्ट ''क'' भाग-2** के रुप में संलग्न है।

3.2 सम्परीक्षाधीन प्रमुख स्थानीय निकायों तथा संस्थाओं के संगत अधिनियमों आदि जिसके आधार पर सम्परीक्षा की गयी है, की सूची **परिशिष्ट ''ख''** में दी गई है।

4- सम्परीक्षा के सोपान तथा तत्सम्बन्धी कार्य : -

4.1 शासन द्वारा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग को प्रदेश की स्थानीय निकायों एवं स्वायतशासी संस्थाओं को स्वीकृत किये गये वित्तीय अनुदानों एवं ऋणों आदि का उपभोग सुनिश्चित करने के लिए इन स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सकल आय एवं व्यय की सम्परीक्षा का दायित्व दिया गया है जिससे सम्परीक्षा के माध्यम से शासन एवं विधान मण्डल को यह ज्ञात होता रहे कि इन संस्थाओं की स्थापना सम्बन्धी विशिष्ट अधिनियमों में अपेक्षित जन आकांक्षाओं की पूर्ति इनके द्वारा की जा रही है अथवा नहीं। अतः इस सन्दर्भ में सम्परीक्षा का कार्य मात्र लेखा परीक्षा न रहकर संस्था के सम्बन्ध में वित्तीय अनुशासन से जुडे सभी पहलुओं की समीक्षा का एक गुरुत्तर दायित्व भी हो जाता है।

4.2 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग के कार्यकलाप निम्नवत् हैं :-

- 1- सम्परीक्षित स्थानीय निकायों, स्वायतशासी संस्थाओं, निगमित एवं अनिगमित निकायों, विश्वविद्यालयों, सहायता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थाओं एवं प्रशिक्षण संस्थाओं, महाविद्यालयों, अन्य शिक्षण संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य शासकीय/अशासकीय संगठनों आदि के विविध लेखों की नियमित सम्परीक्षा करना एवं परिणाम से संस्थाओं तथा शासन को सूचित करना।
- 2- उपर्युक्त संस्थाओं का वित्तीय मार्ग दर्शन करना।

- 3- उपर्युक्त संस्थाओं द्वारा सन्दर्भित प्रकरणों पर अभिमत देना।
- 4- सम्परीक्षा के उपरान्त यथा आवश्यक अनुदानों के उपभोग से सम्बन्धित उपभोग प्रमाण पत्र निर्गत करना।
- 5- नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों, जल संस्थानों, जिला पंचायतों, बद्रीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति के सेवा निवृत्त कर्मचारियों को देय पैंशन एवं उपादान की पुष्टि एवं संस्तुति करना।
- 6- महालेखाकार को उपर्युक्त संस्थाओं को स्वीकृत अनुदानों के उपभोग के सम्बन्ध में संहत आख्या प्रस्तुत करना।
- 7- नगर पालिका परिषदों, जिला पंचायतों, नगर निगम, विकास प्राधिकरणों एवं जल संस्थानों के लेखाकार परीक्षा का आयोजन करना।
- 8- विभाग के नवनियुक्त लेखा परीक्षकों एवं जिला सम्परीक्षा अधिकारियों को आधारभूत प्रशिक्षण तथा विभागीय अधिकारियों एवं लेखा परीक्षा कर्मियों को अल्पकालिक प्रशिक्षण देना।
- 9- सेवारत विभागीय कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं उन्हें सम्परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन शासकीय आदेशों से युक्त करने के लिये उनका प्रत्यास्मरण प्रशिक्षण आयोजित करना।
- 10- स्थानीय निकाय के लेखा कर्मियों को आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण देना।
- 11 विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विशिष्ट क्षेत्रों में निष्णात् गणमान्य व्यक्तियों की संगोष्ठयाँ आयोजित करना।
- 12- धर्मादा सन्दान न्यासों के निधियों को विनियोजित करने तथा उन पर प्राप्त ब्याज को प्रादेशिक एवं भारत सरकार के न्यासों को संवितरण करना।
- 13- प्रभागीय कार्यकलापों सहित संहत वार्षिक प्रतिवेदन विधान मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करना।
- 14- सम्परीक्षाधीन लेखाओं पर नियमानुसार सम्परीक्षा शुल्क आरोपित करना तथा उनकी वसूली करना।
- 15- सम्परीक्षाधीन स्थानीय प्राधिकारियों के अधिनियम एवं परिनियमों के संगत प्रावधानों के अन्तर्गत क्षति, कपट, दुरूपयोग आदि के लिये उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध अधिभार कार्यवाही करना।
- 16- उपर्युक्त स्थानीय निकायों/ संस्थाओं एवं शासन द्वारा सौंपे गये अन्य लेखाओं की आवश्यकतानुसार विशेष सम्परीक्षा सम्पादित करना।
- 17- शासन द्वारा सौंपे गये अन्य कार्यो पर शासन को आख्या प्रस्तुत करना।

5- <u>प्रभागीय आय-व्ययक :-</u>

5.1 यद्यपि स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा स्थानीय निकायों स्वायतशासी संस्थाओं व अन्य निगमित एवं अनिगमित संस्थाओं आदि की सम्परीक्षा की जाती है, यह प्रभाग पूर्णतया उत्तराखण्ड शासन के वित्त विभाग के अधीन है।

5.2 इस प्रभाग की समस्त प्राप्तियाँ प्रादेशिक राजकोष में जमा होती हैं तथा विधान मण्डल द्वारा स्वीकृत प्रादेशिक आय-व्ययक के माध्यम से राज्य निधि से विभागीय व्यय हेतु धन उपलब्ध कराया जाता है।

5.3 लेखा परीक्षा शुल्क विभागीय आय का मुख्य स्रोत है। सम्परीक्षा शुल्क का आरोपण शासन द्वारा निधारित दरों पर किया जाता है, जो सम्परीक्षित संस्था द्वारा सीधे राजकोष में जमा किया जाता है। वर्तमान में निर्धारित सम्परीक्षा शुल्क की दरें परिशिष्ट ''ग'' उत्तराखण्ड राज्य में लागू है।

<u>6- प्रभागीय आय एवं व्यय का समन्वय :-</u> वित्तीय वर्ष 2009-10 में प्रभागीय व्यय एवं इस वर्ष में आरोपित सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् है :-

क्र०सं०	वित्तीय वर्ष	व्यय (रुपये	आरोपित सम्प० शुल्क (रु०)
1-	20009-10	2,29,66,874.00	3,86,10,071.00

6.2 स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा कृत कार्य सेवा प्रकृति (सर्विस नेचर) के हैं जिन पर होने वाले व्यय की तुलना आरोपित शुल्क से नहीं की जा सकती है।

<u>7.1- प्रभाग की प्रशासनिक व्यवस्था</u> :- उत्तरांचल शासन के वित्त विभाग के शा० सं० 5058/ वि०शा०स० /2001 दिनांक 19 जून, 2001 द्वारा सम्परीक्षा का कार्य निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तरांचल के नियन्त्रणाधीन एक प्रभाग के रुप में कार्यरत है, जिसकी प्रशासनिक व्यवस्था मुख्यत: द्विस्तरीय है :-

(1) मुख्यालय स्तरीय।

(2) जिला स्तरीय।

जनपदीय कार्यालयों की सूची परिशिष्ट ''घ'' में दी गयी है। उक्त के अतिरिक्त सम्वर्ती सम्परीक्षा कार्यालय भी है जिन पर प्रशासनिक नियन्त्रण निदेशालय द्वारा होता है। सम्वर्ती कार्यालयों की सूची परिशिष्ट ''ड.'' में दी गयी है।

<u>7.2-1- मुख्यालय स्तर :-</u> स्थानीय निधि लेखा परीक्षा का प्रधान कार्यालय देहरादून में स्थित है, जो निदेशालय कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिट नाम से जाना जाता है। इसके विभागाध्यक्ष निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर उत्तराखण्ड हैं जिन्हें अपने कार्यो के साथ-साथ पदेन रुप से कोषाध्यक्ष धर्मादा संदान उत्तराखण्ड तथा भारतीय धर्मादा सन्दान के उत्तराखण्ड वृत्त के कार्यो का भी सम्पादन करना पडता है।

7.2 -2 – मुख्यालय पर निदेशक के सहयोगी के रुप में अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक तथा अन्य अधीनस्थ कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं जिसका विवरण प्रस्तर-८ में दिया गया है। वर्तमान में जनपदों की प्रमुख बडी संस्थाओं जैसे :- नगर निगम, वन निगम, मण्डी परिषद, नगर पालिका परिषदों, विकास प्राधिकरणों, मन्दिर समितियों, इन्जीनियरिंग कालेजों, विश्वविद्यालयों आदि के लेखाओं की लेखा परीक्षा के कार्य का पर्यवेक्षण, इन निकायों के सेवा निवृत्त कर्मचारियों के पैंशन एवं आनुतोषिक के सत्यापन एवं पुष्टीकरण का कार्य मुख्यालय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

7.3 – जनपद स्तरीय :- लेखा परीक्षाधीन इकाईयों राज्य के शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक में स्थित है। विभाग के लेखा परीक्षा कर्मी सभी जनपदों में नियुक्त कर दिये जाते हैं जो सम्बन्धित जनपद में स्थित परीक्षाधीन ईकाइयों की लेखा परीक्षा करते रहते हैं। उनके कार्यों पर स्थानीय नियन्त्रण, पर्यवेक्षण एवं मार्ग दर्शन हेतु जनपद स्तर पर जिला सम्परीक्षा अधिकारी के कार्यालय स्थापित हैं प्रदेश के 13 जिलों में से अब तक 09 जिलों में जिला सम्परीक्षा अधिकारी कार्यालय स्थापित हैं। शेष जनपदों मं अभी तक जनपदीय कार्यालय नहीं खोले जा सके हैं। अतः निकटवर्ती जिला सम्परीक्षा अधिकारी द्वारा ही उन जनपदों के कार्यो का सम्पादन किया जा रहा है।

7.4 – राज्य स्तरीय :- शासनादेश संख्या वि०अनु० -1/2003 दिनांक 03 सितम्बर, 2003 द्वारा उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उधमसिंहनगर एवं वन विकास निगम नरेन्द्रनगर में सम्परीक्षा अधिकारियों के कार्यालय स्थापित किये गये हैं।

8- प्रभाग की जनशाक्ति :- वर्ष 2009-10 के अन्त में स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग में श्रेणीवार स्वीकृत पदों एवं उन पर कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों का विवरण निम्नवत् रहा है।

क्र० सं०	अधिकारी/कर्मचारी का समूह	स्वीकृत पद	कार्यरत संख्या	कार्यरत कर्मियों का प्रतिशत
1-	समूह ''क''	04	0	00
2-	समूह ''ख''	16	9+1	56.25
3-	समूह ''ग'' (1) सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी	14	11	78.5
	(2) वरिष्ठ लेखा परीक्षक ग्रेड-१	04	04	100
	(3) वरिष्ठ लेखा परीक्षक	82	08	9.7
	(4) लेखा परीक्षक	20	05	25
	(5) आशुलिपिक	03	00	0
	(6) प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड-१	0	0	0
	(7) प्रशासनिक अधिकारी ग्रेड-२	03	03	100
	(8) मुख्य सहायक	08	07	87.5
	(9) प्रवर सहायक	12	03	25
	(10) कनिष्ठ सहायक	16	03	18.7
	(11) वाहन चालक	03	01	33.33
4-	समूह ''घ''	61	12	19.6
	योग	247	67	25.91

9- स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष में सम्पादित कार्य :- वर्ष 2009-10 में 77.67 प्रतिशत लेखा परीक्षा पदों के रिक्त रहने के उपरान्त भी सम्परीक्षाधीन 990 लेखाओं में से 175 लेखाओं की सम्परीक्षा पूर्ण की गई। शेष 815 लेखाओं की सम्परीक्षा जनशक्ति की कमी के कारण सम्पादित नहीं करायी जा सकी। उक्त के अतिरिक्त शासन के आदेशानुसार महाकुम्भ, 2010 के अस्थायी कार्यों की सम्वर्ती सम्परीक्षा हेतु एक सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, एक वरिष्ठ लेखा परीक्षक ग्रेड-1 तथा दो वरिष्ठ लेखा परीक्षकों द्वारा सम्पन्न करायी जा रही है।

10.1.1 – सम्परीक्षा में उदघाटित अनियमिततायें :-

(क) स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग द्वारा वर्ष 2009-10 तक में सम्रीक्षित लेखाओं में उदघाटित विशिष्ट अनियमितताओं के अन्तर्गत कुल रु० 383576568.00 की धनराशि अन्तर्निहित थी जिसका शीर्षकवार विवरण निम्नानुसार है तथा संस्थावार विवरण कार्यकारी खण्ड में दिया गया है।

क्रमांक	शीर्षक	धनराशि (रु० में)
1-	व्यपहरण	00
2-	अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय	14516229.00
3-	अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें	15798225.00
4-	राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें	42511352.00
5-	आर्थिक क्षति	21286265.00
6-	राजस्व क्षति	4114103.00
7-	दुर्विनियोग	262324220.00
8-	अनानुमोदित व्यय	23026174.00
	योग	383576568.00

(ख) प्रदेश में स्थित सम्परीक्षाधीन संस्थाओं पर 31 मार्च, 2010 तक लम्बित आडिट आपत्तियों का विवरण **परिशिष्ट "च"** में दिया गया है। इसके अनुसार वर्ष में संस्थाओं द्वारा मात्र 2180 आडिट आपत्तियों का निस्तारण कराया गया।

10.1.2 – विशेष सम्परीक्षाऐं :--

प्रभाग के सम्परीक्षाधीन संस्थाओं के बारे में अत्यन्त गम्भीर प्रकृति यथा गबन/दुर्विनियोग/आर्थिक क्षति से सम्बन्धित की विशेष जॉच, संस्था, अथवा जिलाधिकारी या आयुक्त के अनुरोध पर शासन की स्वीकृति से सम्पादित की जाती है। वर्ष 2009-10 में उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसियेशन, रूद्रपुर उधमसिंहनगर की वर्ष 2003-04 की विशेष सम्परीक्षा सम्पन्न की गयी।

10.2.1 – सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति :- वर्ष 2009-10 में आरोपित एवं वसूल किये गये सम्परीक्षा शुल्क की स्थिति निम्नवत् थी :-

	(रुपयों में)
01 अप्रैल, 2009 को प्रारम्भिक शेष	55349884.00
वर्ष में स्थापित माँग	38610071.00
योग	93959955.00
वर्ष में समाहरण	17412520.00
31 मार्च, 2010 को बकाया	76547435.00

10.2.2 - उपर्युक्त से स्पष्ट है कि विभाग द्वारा आरोपित लेखा परीक्षा शुल्क की वसूली करने का पूरा प्रयास किया गया। इन्ही प्रयासों के फलस्वरुप वर्तमान वितीय वर्ष में एक करोड चौहत्तर लाख बारह हजार पाँच सौ बीस रुपये की वसूली हुई है जिसमे गत वर्ष का बकाया भी सम्मिलित है उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम – 1984 की धारा 4(4) के अधीन केवल शासन को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सम्बन्धित स्थानीय निधि/संस्थाओं के बैंकर्स को सम्बन्धित जिलाधिकारी के माध्यम से यह आदेश दे सकते हैं कि उनके बैंक खातों से सम्परीक्षा शुल्क की धनराशि राजकीय कोषागार के निर्दिष्ट लेखा शीर्षक में अन्तरित कर दे। इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड स्थानीय निधि/निकाय लेखा परीक्षा नियमावली, 2001 का प्रख्यापन होना अभी अपेक्षित है ताकि शुल्क वसूली हेतु नियमावली के प्राविधानों के अधीन रहते हुए विभाग स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

11. धर्मादा संदान निधि - चैरीटेबुल एण्डाउमेन्ट एक्ट 1890 (एक्ट आफ 1890) की धारा-3 के अधीन उत्तरांचल की भौगोलिक सीमा में स्थित न्यासों की परिसम्पतियों के लिये निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें सह स्टेट इण्टरनल आडिटर, उत्तराखण्ड को शासनादेश संख्या 163/xxvii(2)/2005 दिनांक 06 अक्टूबर, 2005 द्वारा कोषपाल, खैरासी निधि नियुक्त किया गया है। इनका विवरण **परिशिष्ट ''छ''** में दिया गया है।

(1) वर्ष 2009-10 में प्रतिभूतियों से प्राप्त ब्याज का 98 प्रतिशत रू0 250462.00 के भुगतान आदेश सम्बन्धित न्यासों को प्रेषित किये गये।

12- लेखाकार परीक्षा का आयोजन :- दिसम्बर, 2009 में जिला पंचायत लेखाकार परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 09 परीक्षार्थियों द्वारा भाग लिया गया तथा 04 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। दिसम्बर, 2010 में परीक्षा आयोजन हेतु कार्यवाही प्रगति पर है।

13- जिला पंचायतों, स्थानीय निकायों, जल संस्थानों के पेंशन एवं आनुतोषिक प्रकरणों का निस्तारण

वर्ष 2009-10 में प्रकरणों की प्राप्ति एवं उनके निस्तारण की स्थिति निम्नवत् थी :-

वर्ष के प्रारम्भ में शेष	वर्ष में प्राप्त	वर्ष में निस्तारित	अवशेष
08	1527	1497	38

14- निष्कर्ष -

उपर्युक्त प्रतिवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट ''क'' से स्पष्ट है कि इस प्रभाग को वर्ष 2009-10 में 990 लेखाओं की लेखा परीक्षा सम्पादित करनी थी। जनशक्ति की भारी कमी के कारण सम्परीक्षा शुल्क देने वाली स्थानीय निकायों एवं संस्थाओं की सम्परीक्षा को वरीयता देते हुए पूर्ण कराने का लक्ष्य निश्चित करते हुए मात्र 175 लेखाओं की लेखा परीक्षा समाप्त करायी गयी।

आलोच्य वर्ष में सम्परीक्षित संस्थाओं के लेखाओं से सम्परीक्षा आख्याओं के आधार पर पूर्वोक्त कण्डिका 10(1) में वर्णित रु० 383576568.00 की गम्भीर वितीय अनियमिततायें प्रकाश में आयी जिनमें व्यपहरण, दुर्विनियोग, अधिक एवं अनियमित भुगतान, आर्थिक क्षति, राजस्व की क्षांति आदि प्रकरण समाविष्ट हैं।

(जी0के0पन्त)
निदेशक

2- कार्यकारी खण्ड

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा प्रभाग, उत्तराखण्ड

(वर्ष 2009-10)

वर्ष 2008-09 में जिन संस्थाओं की सम्परीक्षा सम्पादित की गयी, उनमें उदघाटित वित्तीय अनियमितताओं से सम्बन्धित प्रकरण अनुवर्ती पृष्ठों तथा सम्बन्धित संस्थाओं के खण्ड में दिये जा रहे हैं। इन वित्तीय अनियमितताओं में अन्तर्निहित धनराशियों के संस्थावार विवरण निम्न प्रकार हैं :-

क्र० सं०	लेखे की श्रेणी	अनियमितता में अन्तर्निहित धनराशि (रु० में)
1	नगर पालिका परिषदें	30114218.00
2	नगर पंचायतें	17906501.00
3	कृषि उत्पादन मण्डी समितियाँ	13755603.00
4	कृषि उत्पादन मण्डी परिषद	995293.000
5	हायर सेकेण्ड्री/ इण्टर कालेज	313890.00
6	विश्वविद्यालय, सम्यर्ती सम्परीक्षा	310299689.00
7	इंजीनियरिंग कालेज	123507.00
8	उत्तराखण्ड गन्ना अनुसंधान एवं विकास निधि, काशीपुर	10067867.00
	योग	383576568.00

टिप्पणी :- विस्तृत विवरण परिशिष्ट ''ज'' में दिया गया है।

वर्ष 2009-10 में सम्पन्न सम्परीक्षायें

नगर पालिका परिषदें

1- नगर पालिका परिषद हरिद्वार (वर्ष 2008-09)

(1)- अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें-

उपसम्परीक्षा माहों में दैनिक/संविदा/नियत वेतन पर कर्मचारियों को रू0 11,61,690.00 भुगतान किया गया था। शासनादेश संख्या 1803/सा-02/2002 दिनांक 06.02.03 द्वारा तदर्थ/संविदा/ नियत वेतन/दैनिक वेतन पर नियुक्तियों को पूर्णतः प्रतिबन्धित किया गया था।

(सम्परीक्षा आख्या भाग-2(ब) आपत्ति सं0 -1 (22)

(2)- राजस्व की क्षति से सम्बन्धित अनियमिततायें –

(i)- ठेका तहबाजारी 2008-09 श्री धर्मपाल ठेकेदार के नाम रू0 11,06,000.00 में स्वीकृत था। उक्त हेतु रू0 1,10,600.00 के स्थान पर मात्र रू0 100.00 के स्टाम्प लगाये गये थे। जिनके फलस्वरूप रू0 स्टाम्प शुल्क के रूप में प्राप्त होने वाले राजकीय राजस्व रू0 1,10,500.00 की क्षति हुयी।

(सम्परीक्षा आख्या भाग-2(ब) आपत्ति सं0 -1 (10)

(ii)- ठेका फूल फरोशी ठेकेदारों से निर्धारित दर से स्टाम्प न किये जाने के फलस्वरूप रू0 6,36,330.00 राजकीय राजस्व की क्षति हुयी।

(सम्परीक्षा आख्या भाग-2(ब) आपत्ति सं0 -1 (17)

(iii)- ठेका तहबाजारी पन्त द्वीप, ठेका पार्किंग रोडी बेलवाला, ठेका पार्किंग भल्ला कालेज मैदान, ठेका तहबाजारी कावड मेला क्षेत्र, ठेका सलेज फार्म ठेकों में निर्धारित दर से स्टाम्प न लगाये जाने के फलस्वरूप रू0 4,05,773.00 राजकीय राजस्व की क्षति हुयी।

(सम्परीक्षा आख्या भाग-2(ब) आपत्ति सं0 -1 (21)

2- नगर पालिका परिषद, नई टिहरी (वर्ष 2007-08)

(1) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें –

(अ) शासनादेशों के प्रावधानों के विपरीत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतनादि पर व्यय रू0 23,43,440.00 अनानुमोदित व्यय किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ग)(अ)

(ब) स्वीकृत पदों से अधिक संख्या में कार्यरत कर्मचारियों के वेतनादि पर रू0 11,98,971.00 का अनानुमोदित व्यय किया गया था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ग)(इ)

3- नगर पालिका परिषद, नरेन्द्रनगर (वर्ष 2008-09)

(1) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें –

स्वीकृत पदों से संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतनादि पर व्यय रू0 2,13,360.00 सम्बन्धित शासनादेशों के विपरीत होने के कारण अनियमित था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ग)

(2) अधिक/अनियमित/अमान्य भुगतान –

विद्युत प्रकाश सामग्री का क्रय बिना क्रय समिति एवं अधिप्राप्ति नियमावली 2008 के बिना टेण्डर आमन्त्रण के किये जाने के फलस्वरूप भुगतान की गयी धनराशि रू0 1,56,094.00 अनियमित था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (घ)

4- नगर पालिका परिषद, उत्तरकाशी (वर्ष 2008-09)

(1) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें –

संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के वेतनादि पर शासनादेशों में प्रतिबन्ध होने पर भी रू0 10,96,480.00 अनियमित व्यय किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ख)(अ)

(2) आर्थिक क्षति –

वर्ष 2005-06 हेतु तहबाजरी ठेके को निरस्त करने के बाद अवशेष धनराशि रू0 1,54,000.00 वसूल नहीं किये जाने के कारण आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)(आ)

(3) दुर्विनियोग –

कुल प्रदत्त अस्थायी अग्रिम धनराशि रू0 2,54,200.00 का वर्षान्त तक असमायोजन होने के कारण दुर्विनियोग होने की सम्भावना थी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (च)(आ)

5- नगर पालिका परिषद, पिथौरागढ (वर्ष 2008-09)

अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –

1. नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 7 एवं 8 के प्रतिकूल फुटबाल प्रतियोगिता के आयोजन एवं शहरी विकास मंत्री के नागरिक अभिनन्दन पर क्रमशः रू0 54,730.00 एवं 43,080.00 कुल रू0 97,810.00 रू0 व्यय परिषद निधि पर उचित व्ययभार नहीं था।

प्रस्तर – 1 (क)(1)(2)

2. चतुर्थश्रेणी कर्मचारियों के वर्दीक्रय में रू0 24,777.00 एवं विद्युत उपकरण क्रय में रू0 70,000.00 कुल रू0 94,777.00 रू0 अधिक भुगतान किया गया था।

प्रस्तर – 1 (ख)(3)

3. विभिन्न पत्र/पत्रिकाओं में विज्ञापन के फलरस्वरूप रू0 64,494.00 रू0 परिहार्य व्यय किया गया था।

प्रस्तर – 1 (ख)(5)

6- नगर पालिका परिषद, पिथौरागढ (वर्ष 2007-08)

1. 31.03.08 से रू0 5,99,342.00 के अस्थायी अग्रिमों का असमायोजित रहने से धनराशि का दुर्विनियोग होने की पूर्ण सम्भावना थी।

प्रस्तर – 9 (ग)

7- नगर पालिका परिषद, सितारगंज (वर्ष 2007-08 से 2008-09)

अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –

1. 45 निर्माण कार्यों हेतु शासन द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक दरों पर भुगतान रू0 2,79,939.00 किये जाने से ठेकेदारों को अधिक भुगतान किया गया।

भाग- दो (अ) प्रस्तर – 1

2. ग्यारहवें वित्त आयोग द्वारा प्राप्त राशि का 50% नाला निर्माण में किया गया व्यय रू0 1,86,050.00 अनियमित था।

भाग- दो (अ) प्रस्तर – 2

3. 15 परियोजनाओं की राशि को बिना सरकारी स्वीकृत के ही अन्य परियोजनाओं पर व्यय रू0 40,55,870.00 धनराशि का दुरूपयोग किया जाना।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 11

8- नगर पालिका परिषद, रूद्रपुर (वर्ष 2007-08)

(1) अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –

स्वीकृत पदों के बिना 100 सफाई कर्मचारियों तथा विद्युत कर्मियों को संविदा पर नियुक्त करने के कारण रू0 5,13,305.00 का अनियमित भुगतान किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ख)

(2) राजस्व की क्षति -

ठेकेदारों से निर्धारित मूल्य के स्टेम्प पेपर पर अनुबन्ध न कराने से रू0 2,76,700.00 के राजकीय राजस्व की क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)

(3) आर्थिक क्षति -

लाइसेंस शुल्क को विलम्ब से नवीनीकरण के कारण अर्थदंड की वसूली न किये जाने से रू0 76,525.00 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (घ)

9-नगर पालिका परिषद, खटीमा (वर्ष 2007-08)

(1) अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –

कर्मचारियों की वर्दी क्रय पर रू0 56,920.00 का अधिक/अनियमित भुगतान किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 ख (1)

(2) आर्थिक क्षति-

1. दुकान नीलामी के फलस्वरूप निर्धारित प्रीमियम रू0 6,97,000.00 की वसूली न कराने से आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 घ (2)

2. तहबाजारी आदि ठेकों की वसूली न किये जाने से रू0 1,60,600.00 की क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 ख (3)

10- नगर पालिका परिषद, हल्द्वानी (वर्ष 2005-06 से 2007-08)

(1) आर्थिक क्षति -

1. गृहकर एवं सफाई कर माफ किये जाने से अर्थिक क्षति रूपये 1,83,494.00 वर्ष 2005-06 से 2007-08 में गृहकर व सफाई करें की वसूली न कर उन्हें अध्यक्ष कर समिति के आदेशानुसार क्षमा करें दिये जाने से पालिका को आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)

2. संस्था द्वारा निम्न भवन स्वामियों के पूर्व निर्धारित मूल्यांकन को आलोच्य वर्ष 2005-06 में पुर्नमूल्यांकन कर अत्यधिक कम कर दिया गया, जिससे इन भवनों से मिलने वाले सफाई कर/गृहकर की धनराशि में कमी हो जाने के कारण पालिका को प्रतिवर्ष रू0 28,520.00 की आर्थिक क्षति हो रही थी। वर्ष 2005-06 से वर्ष 2007-08 तक कुल रू0 85,560.00 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ड)

3. उ0प्र0 गजट विज्ञपित 989/टैकस 4 मई 1996 अनुसार आटो रिक्शा टूव्हीलर, ट्रान्सपोर्ट सम्बन्धी वाहन जो नगर में व्यवसाय कर रहें थे से रू0 360.00 प्रति वाहन लाइसेंस शुल्क लिया जाना था। परिवहन विभाग में पंजीकृत वाहनों की संख्या 459 थी। संस्था द्वारा वर्ष 2007-08 तक मात्र तीन लाइसेंस बनाये गये थे। इस प्रकार 456 लाइसेंस न बनाये जाने से रू0 360.00 की दर से प्रतिवर्ष रू0 1,64,160.00 तथा तीन वर्षों में कुल रूपये 4,92,480.00 की आर्थिक क्षति हुयी थी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (घ)

(2) <u>अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –</u>

आलोच्य वर्षों में कर्मचारियों/अधिकारियों की अनियमित रूप से 10 प्रतिशत की दर से मकान किराये भत्ते का भुगतान किये जाने के कारण मकान किराये भत्ते का कुल रू0 9,98,712.00 अधिक भुगतान किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ब)

11- नगर पालिका परिषद, रामनगर (वर्ष 2005-06 से 2007-08)

(1) <u>आर्थिक क्षति -</u>

1. वर्ष 2005-06 में ठेका बड़ा मीट मार्केट सत्याडी स्वीकृत ठेकों की बकाया धनराशि रू0 615000.00 ठेकेदार श्री रफी उल कदर पुत्र जुल्फकार अहमद से 31 मार्च, 08 तक वसूल नहीं की गयी थी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – (ब) (ख)

2. वर्ष 2007-08 ठेका बड़ा मीट मार्केट गुलरघाटी की मांग समाहरण पंजी के अनुसार ठेकेदार जुल्फकार अहमद से वर्ष 2003-04 से रू0 1,09,100.00 वसूल नहीं किये जाने के कारण आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – (ब)(ख)

3. संस्था द्वारा नगर के वार्ड न0 2 से वर्ष 2005-06 से 2007-08 तक के क्रमांक 521 से 638 तक भवन स्वामियों पर देय भवन कर की वसूली नहीं किये जाने के कारण वर्ष 2007-08 तक कुल रू0 5,76,031.00 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) – छ

(2) <u>अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें-</u>

1. 31 मार्च 2008 तक पालिका कर्मचारियों की भविष्य निधि अंशदान की धनराशि रू0 4,97,924.00 जमा किया जाना शेष था। यह स्थिति अनियमित व कर्मचारियों के आर्थिक हितों के विपरीत था।

भाग- दो (ब) – 9(1)

2. 31 मार्च 2008 तक पालिका कर्मचारियों के पेंशन अंशदान का रू0 14,69,236.00 पेंशन अंशदान जमा न किया जाना कर्मचारियों के आर्थिक हितों के प्रतिकूल था।

भाग- दो (ब) – 2

12- नगर पालिका परिषद, भवाली (वर्ष 2005-06 से 2008-09)

अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता –

1. 31 मार्च, 2009 तक पालिका कर्मचारियों के पेंशन अंशदान की कुल रू0 8,62,800.00 जमा किया जाना शेष था। यह अनियमित एवं कर्मचारियों के आर्थिक हितों के प्रतिकूल था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – (9)

13- नगर पालिका परिषद, गोपेश्वर (वर्ष 2007-08)

(1) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितता –

बिना पद सृजन के संविदा/दैनिक वेतन भोगी पद नियुक्ति कर्मचारियों पर रू0 25,85,880.00 का अनियमित व्यय किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1(ड.)

(2) राजस्व की क्षति –

विविध नीलामी ठेके में निर्धारित मूल्य के स्टाम्प शुल्क न लगाये जाने से रू0 46239 की राजस्व की क्षति हुयी।

14- नगर पालिका परिषद, जोशीमठ (वर्ष 2008-09)

अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें-

संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों पर 2,58,300.00 का अनियमित भुगतान किया जाना।

15- नगर पालिका परिषद, गदरपुर (वर्ष 2006-07 से 2008-09)

(1) अधिक/अनियमित/परिहार्य भुगतान –

वर्ष 2006-07, 2007-08 एवं 2008-09 में बिना पद सृजन के राज्य वित्त आयोग के अनुदान से वेतन भत्तों का भुगतान क्रमशः रू0 663367.00, रू0 732092.00 एवं रू0 798767.00 किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1(ग)

(2) राजस्व की क्षति –

नीलामी ठेकों के अनुबन्ध पर निर्धारित स्टाम्प शुल्क न लगाये जाने से रू0 81,775.00 के राजस्व की क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1(च)

नगर पंचायतें

16- नगर पंचायत, बड़कोट (वर्ष 2008-09)

(1) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें -

(अ) संविदा/तदर्थ/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के वेतनादि पर उपसम्परीक्षा माहों (नवम्बर, 08 व दिसम्बर, 08) में भुगतान की गयी कुल धनराशि रू0 59,330.00 सम्बन्धित शासनादेशों में लगाये गये प्रतिबन्धों के विपरीत होने के कारण अनियमित था।

(ब) बिना पद स्वीकृति के दो राजस्व मोहर्रिरों की नियुक्ति के फलस्वरूप वेतनादि पर व्यय धनराशि रू0 2,06,666.00 का भुगतान अनियमित था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)(2)

(2) अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –

निर्माण कार्य हेतु प्रदत्त अग्रिम धनराशि रू0 1,05,000.00 का वर्षान्त तक असमायोजन रहने से दुर्विनियोग की सम्भावना थी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (घ)

17- नगर पंचायत, मुनिकीरेती (वर्ष 2008-09)

(1) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें -

संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के वेतनादि पर उपसम्परीक्षा माहों में सम्बन्धित शासनादेशों में लगाये गये प्रतिबन्धों के विपरीत व्यय रू0 84,580.00 का अनियमित व्यय किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ख)(1)

(2) आर्थिक क्षति –

पार्किंग ठेका की धनराशि रू0 1,20,000.00 पंचायत निधि में जमा नहीं करने से आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)(अ)

(3) राजस्व क्षति –

(अ) पार्किंग नीलामी तथा तहबाजारी ठेकों से आयकर की वसूली नहीं किये जाने के कारण रू0 58,545.00 की राजस्व की क्षति क्षति हुयी।

(ब) ठेका अनुबन्ध में निर्धारित स्टाम्प शुल्क नहीं लिये जाने कारण रू0 2,67,016.00 की राजस्व की क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)(द)

(4) <u>अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –</u>

प्रदत्त अग्रिम धनराशि रू0 83,000.00 के वर्षान्त तक असमायोजन रहने से धनराशि के दुर्विनियोग की प्रबल सम्भावना थी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (घ)(ब)

18- नगर पंचायत, चम्बा (वर्ष 2008-09)

(1) <u>राजस्व क्षति -</u>

दिनांक 08.11.2000 से 30.08.2005 तक निर्धारित दर से स्टाम्प शुल्क न लगाये जाने के कारण रू0 323726.00 की राजस्व क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)(आ)(1)

(2) <u>अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें –</u>

संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के वेतनादि पर व्यय रू0 5,48,950.00 सम्बन्धित शासनादेशों में लगाये गये प्रतिबन्धों के विपरीत होने के कारण अनियमित था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ख)

19- नगर पंचायत, कीर्तिनगर (वर्ष 2008-09)

<u>अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –</u>

अवस्थापना निधि के अन्तर्गत पार्किंग निर्माण हेतु ठेकेदार को प्रदत्त अग्रिम रू0 13,88,712.00 का वर्षान्त तक असमायोजन रहने से धनराशि की दुर्विनियोग की प्रबल सम्भावना थी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)

20- नगर पंचायत, देवप्रयाग (वर्ष 2008-09)

(1) <u>अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –</u>

बहुउददेशीय भवन/बारातघर निर्माण हेतु कन्सट्रक्शन कम्पनी को प्रदत्त अग्रिम धनराशि रू0 4,00,000.00 का वर्षान्त तक असमायोजन रहने से धनराशि की दुर्विनियोग की प्रबल सम्भावना थी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (घ)

(2) <u>अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें –</u>

दैनिक वेतनभोगी इलेक्टशियन के 09 माह के वेतनादि का भुगतान रू0 24,300.00 सम्बन्धित शासनादेशों के विपरीत होने के कारण अनियमित था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ग)

21- नगर पंचायत, डीडीहाट/पिथौरागढ (वर्ष 2007-08)

(1) अनुदान का दुर्विनियोग-

भूखण्ड का स्थानान्तरण एवं कब्जा प्राप्त किये बिना अवस्थापना निधि से मिनी स्टेडियम का निर्माण करके रू0 13,46,279.00 के अनुदान का दुर्विनियोग किया गया था।

प्रस्तर – 1 (क)

(2) अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –

पुराने पंचायत घर के ध्वस्तीकरण से प्राप्त सामग्री निकाय भण्डार में जमा न करने से रू0 64,265.00 की आर्थिक क्षति हुयी थी।

प्रस्तर – 1 (ग) (2)

(3) आर्थिक क्षति-

भवन कर में अनियमित छूट देने से निकाय से रू0 72,708.00 की आर्थिक क्षति हुयी थी।

प्रस्तर – 1 (ग)(3)

(4) राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें-

अवस्थापना विकास मद में दिनांक 25.04.06 (वर्ष 2006-07) में प्राप्त अनुदान रू0 56,19,000.00 दिनांक 31.03.08 तक उपभोग नहीं किया गया था।

22- नगर पंचायत, दिनेशपुर (वर्ष 2006-07 से 2008-09)

राजस्व की क्षति -

1. निर्धारित मूल्य के स्टेम्प पेपर अनुबन्ध न कराये जाने से राजकीय राजस्व की क्षति रू0 1,44,300.00 हुयी।

भाग- दो (अ) प्रस्तर – 2

23- नगर पंचायत, कालाढूंगी (वर्ष 2007-08)

आर्थिक क्षति -

1. नीलामी ठेकों की धनराशि रू0 2,76,900.00 वसूल न किये जाने से आर्थिक क्षति।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)

2. आलोच्य अवधि के अन्त में ठेका तहबाजारी का गत वर्षों में बकाया सहित रू0 1,72,300.00 वसूल न किये जाने से आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ग)

3. वर्ष 2007-08 को पार्किंग ठेका में वर्षान्त तक रू0 44,000.00 जमा किया जाना शेष .। इसके अतिरिक्त विगत वर्षों का रू0 27,375.00 की वसूली नगर पंचायत द्वारा नहीं की गयी थी। इस प्रकार कुल रू0 71,375.00 की वसूली न किये जाने से नगर पंचायत को आर्थिक क्षति हो रही थी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ड)

24- नगर पंचायत, लालकुआं (वर्ष 2008-09)

राजकीय अनुदानों से सम्बन्धित अनियमिततायें -

अवस्थापना निधि का रू0 30,52,033.00 का उपभोग तिथि समाप्त होने के बाद समर्पण नहीं किये जाने से अनुदान के दुर्विनियोग की प्रबल सम्भावना थी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)

25- नगर पंचायत, भीमताल (वर्ष 2006-07 से 2008-09)

(1) अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमितताएं –

दैनिक/संविदा पर नियुक्ति कर भुगतान किया जाना शासनादेशों में लगाये गये नियुक्ति प्रतिबन्धों के विपरीत था उपसम्परीक्षा का माहों में कुल रू0 59,296.00 का भुगतान अनियमित था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 5

(2) राजस्व की क्षति –

आयकर रू0 1,13,353.00 तथा बिक्रीकर रू0 2,51,897.00 की कटौतियों की धनराशि राजकोष में जमा न किये जाने से राजस्व की रू0 3,65,250.00 क्षति।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 6

(3) राजकीय अनुदान से सम्बन्धित अनियमितता –

31 मार्च, 2009 को अवस्थापना निधि में कुल रू0 40,41,329.00 अवशेष था। जिसे समर्पित नहीं किया गया था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 9

26- नगर पंचायत, हरबर्टपुर (वर्ष 2008-09)

(1) अधिक/अनियमित/परिहार्य व्यय –

श्री हरीश रावत ठेकेदार को अन्तिम बिल के साथ जमानत का भुगतान अनियमित रू0 460910.00 की क्षति।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (घ)

(2) <u>अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें –</u>

संविदा पर कर्मचारियों की नियुक्ति पर शासनादेशों में प्रतिबन्धों के विपरीत पारिश्रमिक का अनियमित भुगतान रू0 404933.00 किया गया था।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ग)

(3) <u>राजस्व की क्षति –</u>

विविध नीलामी के ठेकों में निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपरों में अनुबंध न किये जाने से राजकीय राजस्व की क्षति रू0 100720.00/- हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ड)

27- नगर पंचायत, डोईवाला

(1) <u>अधिष्ठान सम्बन्धी अनियमिततायें–</u>

1. वाहन भत्ते का अधिक भुगतान रू0 7700.00 किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)

2. संविदा कर्मी के वेतनादि पर सम्बन्धित शासनादेशों में लगाये गये प्रतिबन्धों के विपरीत रू0 56700.00 अनियमित भुगतान किया गया।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (क)

(2) <u>राजस्व की क्षति –</u>

तहबाजारी ठेके में अनुबन्ध निर्धारित स्टाम्प शुल्क की दरों पर न कराये जाने से रू0 6448.00 की राजस्व की क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 1 (ख)

कृषि उत्पादन मण्डी समितियां

28- कृषि उत्पादन मण्डी समिति, सितारगंज (वर्ष 2007-08 से 2008-09)

आर्थिक क्षति -

1. दिनांक 22.10.07 को आवंटित टेण्डरों के द्वितीय उच्च बोली दाता को अवसर प्रदान न करने से समिति को रू0 59,901.00 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 2

2. किरायेदारों से सेवा कर रू0 1,92,687.75 न वसूले जाने से आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 3

3. दुकानदारों/किरायेदार से अनुबंध के रूप में किराया वसूली न किये जाने से रू0 10,63,543.00 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 4

4. मण्डी शुल्क विलम्ब से जमा करने पर देय ब्याज रू0 33,241.00 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 6

29- कृषि उत्पादन मण्डी समिति, खटीमा (वर्ष 2007-08 से 2008-09)

(1) राजस्व की क्षति -

1. सेवा कर की राशि को किरायेदार से न वसूले जाने के कारण रू0 1,24,925.00 की राजस्व की क्षति हुयी।

भाग- दो (अ) प्रस्तर – 1

2. कर्मचारियों को दिये गये भवन अग्रिम ब्याज की वसूली न किये जाने के कारण समिति को रू0 63,850.00 की आर्थिक क्षति।

भाग- दो (ब) प्रस्तर – 8

30- कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गदरपुर (वर्ष 2007-08 से 2008-09)

आर्थिक क्षति -

विभिन्न फर्मों से मंडी शुलक पर प्राप्य ब्याज की धनराशि वसूल न किये जाने से रू0 16,630.00 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (अ) प्रस्तर – 1 (ग)

31- कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रूद्रपुर (वर्ष 2008-09)

(1) विविध अनियमिततायें-

व्यापारियों एवं संस्थाओं पर मण्डी शुल्क एवं विकास सेस का 31 मार्च, 09 को बकाया रहने से रू0 1,19,98,547.00 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (अ) प्रस्तर – 1 (क)

(2) आर्थिक क्षति-

विभिन्न फर्मों से मंडी शुल्क पर प्राप्य ब्याज की वसूली न होने से रू0 37,181.72 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (अ) प्रस्तर – 1 (ग)

32- कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बाजपुर (वर्ष 2008-09)

राजस्व की क्षति -

जून, 2007 से दुकानदारों से देय किराये की धनराशि पर रू0 12.36 प्रतिशत की दर से रू0 834127 पर सेवा कर न लिये जाने से रू0 10,3098.00 की राजस्व की क्षति हुयी।

भाग- दो (अ) प्रस्तर – 2

33- कृषि उत्पादन मण्डी समिति, देहरादून (वर्ष 2008-09)

विविध अनियमिततायें –

वर्ष 2008-09 में कैन्टीन ठेका वर्ष 2007-08 की अपेक्षा कम दर पर दिये जाने से रू0 62000 की आर्थिक क्षति हुयी।

भाग- दो (अ) प्रस्तर – 1(क)

34- उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, रूद्रपुर (वर्ष 2006-07)

(1) अधिक/अनियमित/अमान्य/परिहार्य व्यय-

1. मैसर्स विमल ट्रान्सफार्मर कारपोरेशन को विद्युत सामग्री की आपूर्ति में कुटेशन की दरों के अतिरिक्त रू0 91908.00 कान्ट्रैक्टर प्राफिट तथा 2575.00 ढुलान व्यय का अधिक भुगतान किया गया था।

प्रस्तर – 9 (क) 11 (ग)

2. माह फरवरी 2006 में कार्यरत श्रमिकों को रू0 3248.00 तथा जून 2006 में कार्यरत श्रमिकों को रू0 29700.00 पारिश्रमिक के रूप में दोहरा भुगतान हुआ था।

प्रस्तर – 5 (ग) (घ)

3. श्री एन0एन0 बिष्ट को वाहन संख्या यू0पी0 04-339 का दिनांक 05.09.2006 से दिनांक 04.10.2006 तक किराया रू0 13000.00 का दोहरा भुगतान हुआ था।

प्रस्तर – 5 (ख)

4. सड़क निर्माण में रू0 209552.70 का पालीथीन प्रयुक्त दर्शाया गया था। पी0डब्ल्यू0डी0 शिडयूल में इस मद का प्राविधान नहीं था। पी0डब्ल्यू0डी0 शिडयूल की मदों में भिन्न उक्त मद की अनिवार्यता की पुष्टि नहीं हुयी। अतः भुगतान अनियमित था।

प्रस्तर – 8

5. उत्तराखण्ड वैटमिन्टन एसोसिएशन का रू0 50000.00 का मण्डी परिषद के उद्देश्यों के विपरित भुगतान किया गया था।

प्रस्तर – 40

(2) <u>अधिष्ठान सम्बंधी अनियमिततायें</u>-

प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अवर अभियन्ता श्री के0के0रस्तौगी की उत्तर प्रदेश प्रतिनियुक्ति अवधि का पेंशन अंशदान रू0 29155.00 का भुगतान नियमानुसार नहीं था।

प्रस्तर – 14 (ख)

(3) <u>राजस्व की क्षति-</u>

निर्माण हेतु खनन सामग्री पत्थर आदि की रायल्टी का ठेकेदारों के विलों से कटौती नहीं किये जाने के कारण रू0 545320.00 की राजस्व क्षति हुयी थी।

प्रस्तर – 4

<u>शिक्षण संस्थायें</u>

